# आजा रे आजा दरस दिखा जा | By Saumya Om Tripathi Mishra |

कबसे पुकारूं तेरो नाम
ओ मैया
आजा रे आजा, दरस दिखा जा
कबसे पुकारूं तेरो नाम

तेरे सिवा ना कोई मेरा सहारा
नैना बहाएं माई गंगा की धारा
मन में मचा है कोहराम
ओ मैया
आजा रे आजा, दरस दिखा जा

रैना अंधेरी कांपे जियरा हमार
माटी की नैया, दूजी दूर किनारा
मीत न आवे कोई काम
ओ मैया
आजा रे आजा, दरस दिखा जा

निंदिया न आये सारी रात निगोड़ी
कौन सुलाये माई, गा-गा के लोरी
"करुण" पुकारे सुबह-शाम
ओ मैया
आजा रे आजा, दरस दिखा जा

कबसे पुकारूं तेरो नाम
ओ मैया
आजा रे आजा, दरस दिखा जा

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%86%e0%a4%9c%e0%a4%be-%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%86%e0%a4%9c%e0%a4%be-%e0%a4%a6%e0%a4%b0%e0%a4%b8-%e0%a4%a6%e0%a4%bf%e0%a4%96%e0%a4%be-%e0%a4%9c%e0%a4%be-by-saumya-om-tripathi-mishra/